दैनिक भास्कर बुरहानपुर 23-08-2024

# ई-कचरा पर्यावरण के लिए घातक

## नेपा लिमिटेड में हुआ ई-कचरा प्रबंधन पर कार्ययोजना



भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित आईटी विभाग में गुरुवार को ई-अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्ययोजना और प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे ने कहा- इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के तेजी से उन्नयन के कारण ई-कचरा बढ़ रहा है। इसके लिए बेहतर प्रबंधन और पुनःचक्रण की आवश्यकता है। ई-कचरा पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है। इसके उचित निस्तारण के लिए हमें जागरूक रहना होगा।

उन्होंने कहा- हमारा उद्देश्य नेपा लिमिटेड को ई-कचरा मुक्त बनाना है और इसके लिए हम सभी कर्मचारियों का सहयोग चाहते हैं। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा- नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड में 16 से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ई-कचरे के व्यवस्थित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के लक्ष्यों को पाने, संस्थान को स्वच्छ और निर्मल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों और कार्यालयों से अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और सामान, अपशिष्ट आईटी विभाग में संग्रहित किए जा रहे हैं ताकि अनुपयोगी ई-कचरे का समुचित निपटान किया जा सके। कार्यक्रम में उपप्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक अधिकारी आईटी आभा महतो, मुकेश चौहान, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, सुषमा गौर, सौम्या श्रोत्रीय, मीना श्रीवास्तव, रीतिका भमोरे, माधुरी धामन्देकर, कनक गुरव मौजूद थे।

**नेपा लिमिटेड**

**ई-कचरा प्रबंधन पर कार्ययोजना और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में तेजी से उन्नयन के कारण बढ़ रहा इ-कचरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित आईटी विभाग में गुरुवार को ई.अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्ययोजना और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे ने कहा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के तेजी से उन्नयन के कारण ई.कचरा बढ़ रहा है, जिसके लिए बेहतर प्रबंधन और पुनर्चक्रण की आवश्यकता है। ई.कचरा पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है और इसके उचित निस्तारण के लिए हमें जागरूक रहना होगा।



कार्यशाला में उपकरण के बारे में दी जानकारी।

हमारा उद्देश्य नेपा लिमिटेड को ईकचरा मुक्त बनाना हैं और इसके लिए हम सभी कर्मचारियों का सहयोग चाहते हैं।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड में 16 से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ई.कचरे के व्यवस्थित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के लक्ष्यों को पाने संस्थान को स्वच्छ और निर्मल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। संस्थान के विभिन्न विभागों से अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अपशिष्ट आईटी विभाग में संग्रहित किए जा रहे हैं ताकि अनुपयोगी ई.कचरे का समुचित निपटान किया जा सके। कार्यक्रम में उप प्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक अधिकारी आईटी आभा महतो, मुकेश चौहान, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, सुषमा गौर, सौम्या श्रोत्रीय, मीना श्रीवास्तव, रीतिका भमोरे, माधुरी धामन्देकर, कनक गुरव उपस्थित थे।

# नेपा लिमिटेड में ई-कचरा प्रबंधन पर कार्ययोजना और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ

**हमारा उद्देश्य नेपा लिमिटेड को ई-कचरा मुक्त बनाना है- विजय भामरे**

**मोहम्मद हुसैन खोकर। कलम मेरी पहचान**

बुरहानपुर केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित आईटी विभाग में गुरुवार को ई-अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्ययोजना और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के तेजी से उन्नयन के कारण ई-कचरा बढ़ रहा है, जिसके लिए बेहतर प्रबंधन और पुनर्चक्रण की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए भामरे ने कहा कि ई-कचरा पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है और इसके उचित निस्तारण के लिए हमें जागरुक रहना होगा। हमारा उद्देश्य नेपा लिमिटेड को ई-कचरा मुक्त बनाना है और इसके लिए हम सभी कर्मचारियों का सहयोग चाहते हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा, हमारे सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन में नेपा लिमिटेड में 16 अगस्त से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें



ई- कचरे के व्यवस्थित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हम स्वच्छता पखवाड़ा के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु और संस्थान को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान, संस्थान के विभिन्न विभागों और कार्यालयों से अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और सामान इत्यादि अपशिष्ट आईटी विभाग में संग्रहित किए जा रहे हैं, ताकि अनुपयुक्त ई-कचरे का समुचित निपटान किया जा सके। कार्यक्रम में उप प्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक अधिकारी आईटी आभा महतो, मुकेश चौहान, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, सुषमा गौर, सौम्या श्रोत्रीय, मीना श्रीवास्तव, रीतिका भमोरे, माधुरी धामन्देकर, कनक गुरव उपस्थित थे।

सप्रेस

राज एक्सप्रेस

शुक्रवार, 23 अगस्त, 2024



# इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में बढ़ रहा है ई-कचरा : सहायक प्रबंधक

**नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय की पेपर मिल नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित आईटी विभाग में ई.अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्ययोजना और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सहायक प्रबंधक आईटी विजय भामरे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के तेजी से उन्नयन के कारण ई.कचरा बढ़ रहा है, जिसके लिए बेहतर प्रबंधन और पुनर्चक्रण की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए भामरे ने कहा कि ई.कचरा पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है और इसके उचित निस्तारण के लिए हमें जागरूक रहना होगा। हमारा उद्देश्य नेपा लिमिटेड को ई.कचरा मुक्त बनाना है और इसके लिए हम सभी कर्मचारियों का सहयोग चाहते हैं। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा, सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के द्वारा नेपा लिमिटेड में 16 अगस्त से 31 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ई.कचरे के व्यवस्थित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

हम स्वच्छता पखवाड़ा के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु और संस्थान को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों और कार्यालयों से अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और सामान इत्यादि अपशिष्ट आईटी विभाग में संग्रहित किए जा रहे हैं, ताकि अनुपयुक्त ई.कचरे का समुचित निपटान किया जा सके। कार्यक्रम में उप प्रबंधक वित्त सीएन वर्मा, सहायक अधिकारी आईटी आभा महतो, मुकेश चौहान, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, सुषमा गौर, सौम्या श्रोत्रीय, मीना श्रीवास्तव, रीतिका भमोरे, माधुरी धामन्देकर, कनक गुरव उपस्थित थे।